Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to give financial assistance to farmers whose crops have been damaged due to heavy rainfall in Maharashtra.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): धन्यवाद सभापति महोदय कि आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया । हम सब जानते हैं कि अभी जीरो ऑवर में संसद में जो भी चर्चा हुई, काफी सांसदों ने महाराष्ट्र के किसानों की समस्या आपके सामने रखी । मैं भी यही कहना चाहती हूं कि हम हमेशा महाराष्ट्र के किसानों के बारे में, सूखे के बारे में इस सदन में चर्चा करते हैं ।

मैं इस बार भी चाहती हूं कि महाराष्ट्र के किसानों के बारे में इस हाउस में गम्भीरता से चर्चा होनी चाहिए, क्योंकि पिछले चार सालों में किसानों को जो भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, उसके लिए राज्य सरकार ने काफी हद तक किसानों की मदद की है । इस बार किसानों को आशा थी कि अच्छी बारिश हुई है और अच्छी फसल उनके खेतों में होगी और दो पैसे उनको मिल पाएंगे, लेकिन ज्यादा बारिश होने के कारण किसानों का सौ प्रतिशत नुकसान हुआ है । महाराष्ट्र के राज्यपाल जी ने प्रति हेक्टेयर 8 हजार रुपये खरीफ के लिए और हॉर्टिकल्चर के लिए 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मदद की घोषणा की है । लेकिन मुझे लगता है, सभी सांसदों को लगता है कि यह मदद बहुत कम है । इस पर गम्भीरता से चर्चा होने के बाद सरकार इस के ऊपर कोई न कोई अच्छा कदम उठाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति : श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रक्षा निखिल खडसे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री श्रीनिवास डी. पाटिल । आप बहुत समय के पश्चात् लोक सभा में आए हैं और पहली बार इस नए कार्यकाल में बोल रहे हैं ।